Khaitan CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED
CIN : L24219MP1982PLC004937
The B Zone, 7th Floor, Pipliya Kumar, Nipania Main Road, Indore - 453771 (M.P.)
Phone : 0731-4753666, E-mail : secretarial@kcfl.in, Website : www.kcfl.co.in

6th June, 2024

To,
The Manager (DCS/Compliance)
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, **MUMBAI- 400 001**

**BSE Scrip Code : 507794**

To,
The Manager (Compliance/Listing)
National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,
Bandra (East), **MUMBAI- 400 001**

**NSE Symbol : KHAICHEM**

**Sub: Newspaper Advertisement - Notice of Extra Ordinary General Meeting & E-VOTING.**

**Dear Sir/Madam,**

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), please find enclosed the copies of the newspaper advertisement, published on June 6, 2024, in Free Press (English Edition) and Choutha Sansar (Hindi Edition), providing the information on Extra Ordinary General Meeting of the Company that will be held on Thursday, June 27, 2024 at 01:00 p.m. through Video Conferencing / Other Audio Visual Means, E-voting in compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations and the Secretarial Standards of General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India.

The Notices of EGM have already been sent to all the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email addresses on June 5, 2024.

We request you to kindly take the above information on Record.

Thanking You,

Yours' faithfully,

**For KHAITAN CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**
Sejal Maheshwari
Digitally signed by Sejal Maheshwari
Date: 2024.06.06 11:40:59 +05'30'

**CS Sejal Maheshwari**
**(Company Secretary & Complaince Officer)**

## एक नजर

### लाड़ली बहना योजना की 13वीं किस्त आई

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जून महीने की शुरूआत हो चुकी और लाड़ली बहनों को अब 13 वीं किस्त के 1250 रुपए आ गए हैं। बता दें हर महीने की 10 तारीख को मप्र की महिलाओं के खाते में पैसे डाले जाते हैं। लाड़ली बहनों के खाते में समय से पहले ही 4 मई को पैसे भेज दिए गए थे। ऐसे ही अप्रैल महीने 5 अप्रैल को समय से पहले ही किस्त भेज दी गई थी। लाड़ली बहना योजना को शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा मई 2023 में शुरू की गई थी।

### नपा ने प्रारंभ किया पर्यावरण सुरक्षा पखवाड़ा, पार्वती नदी पर पौधारोपण कर की साफ-सफाई

आष्टा,(निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में समूचे प्रदेश में पर्यावरण पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए गए थे। उसी के चलते स्थानीय नगरपालिका ने नगर की जीवनदायिनी मां पार्वती नदी के तट पर अभियान चलाकर अभियान का शुभारंभ किया। पर्यावरण पखवाड़े अभियान का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, तेजसिंह राठौर, कालू भट्ट, रवि शर्मा की उपस्थिति में हुआ। अभियान में मौजूद समस्त जनप्रतिनिधि एवं नपा कर्मचारियों द्वारा पार्वती तट के घाटों की साफ-सफाई की गई, तत्पश्चात् इंटेक वेल के समीप स्थित भूमि पर विभिन्न प्रजापतियों के पौधों का रोपण किया गया। वहीं काला तालाब पहुंचकर तालाब के किनारों पर जनप्रतिनिधि एवं नपा कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गंगा अभियान समूचे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृति को संवारने का शासन द्वारा जो पहल की गई है वह अपने आपमें अनुकरणीय पहल है। अभियान में नपा सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री पीके साहू, मनीष श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी, मोहम्मद इसरार, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, पार्वती शर्मा, अरूणा सोनी, हरनाथसिंह मालवीय, संजय शर्मा, आशीष बैरागी, कैलाश घेंघट, लखन डूमाने, प्रमोद श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, कृष्णमोहन जोशी, रोहित सोनी, मनीष किल्लौदिया, गोलू घेंघट, नीलू ठाकुर, संतोष परमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद थे।

### जीजा साले के साथ पकड़ाए 6 गांजा तस्कर

भोपाल,(निप्र)। भोपाल क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने जीजा साले सहित 6 लोगों को गांजा तस्करी में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से साढ़े 26 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमती 5 लाख तीस हजार बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच एसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पटरी के किनारे मंगलवारा भोपाल में 6 लोग खडे हैं। जिसमें दो महिलाए हैं। चारों लड़कों ने पिट्ठू बैग टांगे हैं। वहीं पुलिस ने इनकी तलाशी ली। एसीपी चौहान ने बताया आरोपी गाँजा उड़ीसा से लाकर भोपाल में फुटकर दामों में सप्लाई करते थे। ये आरोपी गिरोह बनाकर गाँजा तस्करी करते थे। आरोपी पहले भी विशाखापटनम में जेल की हवा खा चुके हैं। इस दौरान दो महिला आरोपी भी इनके साथ आईं थी। आरोपियों के विरुद्ध अपराध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पेड़ से लटका मिला आर्मी हवलदार का शव

भोपाल,(निप्र)। भोपाल की खजूरी सड़क इलाके में आर्मी हवलदार का शव पेड़ से लटका मिला है। शव डी कंपोज हो चुका है। जिसके 4 दिन पुराने होने का अनुमान है। 23 दिन पहले 14 मई की रात को आर्मी हवलदार संदीप कुमार अपने सतना स्थित अपने गांव से भोपाल में किसी काम का कहकर निकले थे। सब इंस्पेक्टर बनवारी लाल ने बताया कि 4 मई को दोपहर करीब 1 बजे वन विभाग ने सूचना दी। कहा- चिरायु अस्पताल के सामने वाली लाइन में उनकी नर्सरी में एक शव पेड़ से लटका है।

मोदी कैबिनेट में एमपी से कितने बनेंगे मंत्री

# कैबिनेट में शामिल होने वालों में प्रबल दावेदार शिवराज और सिंधिया




भोपाल,(निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार की हैट्रिक बनाने जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश का भी अहम रोल है। एमपी की सभी 29 लोकसभा सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है। माना जा रहा था कि मध्य प्रदेश के नेताओं को भी दिल्ली में अहम जिम्मेदारी मिलेगी। हालांकि मौजूदा हालात ऐसे नजर नहीं आ रहे हैं। क्योंकि बीजेपी को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। पिछली बार 303 सीट पर जीत हासिल करने वाली बीजेपी को इस बार 240 सीट ही मिली है। जबकि बहुमत के लिए 272 का आंकड़ा जरुरी होता है। यानी बीजेपी के पास नहीं बहुमत एनडीए के पास है। ऐसे में एनडीए के अपने सहयोगी दलों की सत्ता में भागीदारी भी बढ़ेगी। हालांकि एमपी से केन्द्रीय मंत्री के दावेदारों के सामने यही एक बड़ी अड़चन है। एनडीए को बहुमत होने के चलते सरकार में उसके सहयोगी दलों की भागीदारी भी बढ़ेगी। इसकी वजह से एमपी के दावेदारे को मायूस होना पड़ सकता है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह संभावना भी जताई जा रही है कि इस बार 2019 की तुलना में मोदी की 3.ओ सरकार में एमपी से कम सांसदों को मौका मिले।

### रेस में हैं ये बड़े चेहरे

वहीं, मध्य प्रदेश में मिली जीत के बाद यह चर्चा है कि टीम मोदी में इस बार कुछ नए चेहरों को मौका मिल सकता है। दावेदारों की फौज बड़ी है। प्रबल दावेदारों में शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और फग्गन सिंह कुलस्ते का नाम है। शिवराज सिंह चौहान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के दौरान ही इशारा कर गए थे कि शिवराज सिंह चौहान को हम अपने साथ ले जाएंगे। इसके साथ ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बड़ी जीत हासिल की है। ऐसे में उनकी एंट्री भी तय मानी जा रही है। इसके साथ ही फग्गन सिंह कुलस्ते को भी पार्टी फिर मौका दे सकती है। कुलस्ते आदिवासी चेहरा हैं।

### कुछ नए चेहरों को मौका

इसके साथ ही सबसे अधिक चर्चा एमपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की है। वीडी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा लगातार मध्य प्रदेश में सफलता हासिल कर रही है। विधानसभा चुनाव में उनकी अध्यक्षता में पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी। अब लोकसभा में 29 की 29 सीटें जीत गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों में वीडी शर्मा की तारीफ कर चुके हैं। ऐसे में अटकलें हैं कि उनको पदोन्नत किया जा सकता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने लगाया बरगद का पौधा

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बेतवा नदी के उद्गम स्थल की पूजा-अर्चना कर बरगद का पौधा लगाया और जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में प्रारंभ हो रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संवर्धन और संरक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही सीएम ने लोगों से अभियान में जुड़ने का आव्हान भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मूल भाव है कि विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक हमारी जल रचनाओं कुओं, तालाबों, बावड़ियों, नदियां पर अलग अलग कार्यक्रम तय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने उप्र के साथ केन बेतवा नदी जोड़ो अभियान शुरू किया है। यह 45 हजार करोड का बडा प्रोजेक्ट है। मोदी जी की सरकार की ही देन है कि इसके बाद दूसरा प्रोजेक्ट राजस्थान के साथ पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी जोड़ो का प्राजेक्ट है, जिसमें पैंतीस हजार करोड का हमारा और पैतीस हजार करोड का काम राजस्थान सरकार का होगा। उन्होंने कहा कि यह बडे प्रोजेक्ट तो होंगे, लेकिन अभी जल सम्मेलन जैसे कार्य किए जाएंगे। हम जल राशि के प्रति गंगा जी के नाम को स्मरण करके काम करेंगे।। पौध रोपण से लेकर अन्य कार्यक्रम होंगे। गंगा दशमी तक गर्मी और वर्षा का पूर्व काल होता है। उम्मीद है इस कार्यक्रमों के माध्यम से जन जाग्रति होगी, पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे।

### सघन पौधारोपण अभियान चलेगा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि जल और उनके स्त्रोतों के संरक्षण तथा पुनर्जीवन के लिए विशेष प्रयास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण विकास विभाग अपनी सक्रिय भूमिका अदा करेगा। मंत्री ने कहा कि ह्णमेरा संकल्प है कि नदियों के उद्गम स्थल पर जल स्त्रोतों के संरक्षण और उन्हें अनुकूल बनाने के सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसके लिए मैं स्वयं पेड़ों का चयन कर रहे हैं।

इस अभियान की शुरूआत पांच जून को भोपाल के निकट बेतवा नदी के उद्गम झिरी बेहड़ा से की जा रही है। जन जागृति के माध्यम से इस वृक्षारोपण अभियान को व्यापक रूप दिया जायेगा। साथ ही स्वच्छता एवं अन्य जल संरक्षण गतिविधियां संचालित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि 6 जून को नरसिंहपुर जिले में सींगरी नदी पर जल अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण-संवर्धन के विशेष अभियान ह्णजल गंगा संवर्धन अभियानह्ण में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है। प्रदेश में 16 जून गंगा दशमी तक जल और उनके स्त्रोतों के संरक्षण तथा पुनर्जीवन के लिए विशेष प्रयास करने की दिशा में अभियान चलेगा।

# ईवीएम पर पलटे दिग्विजय, मेरी व्यक्तिगत लड़ाई नहीं

### कहा– अयोध्या में बीजेपी की हार शुभसंकेत

भोपाल,(निप्र)। ईवीएम पर सबसे ज्यादा सवाल उठाने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के विचार अचानक बदल गए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल आने के बाद दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। अब जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए हैं तो दिग्विजय सिंह का सुर बदल गया है। दिग्विजय सिंह ने देशभर में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आए परिणामों को लेकर कहा कि अगर ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जाती तो उत्तर प्रदेश में यह नतीजे सामने नहीं आते। उन्होंने आगे कहा कि हमारी ईवीएम से कोई पर्सनल लड़ाई नहीं है। हमार मतलब इतना है कि हमें सिर्फ हमारा वोट हमारे हाथ में दे दो, क्योंकि हमें सॉफ्टवेयर पर भरोसा नहीं है।

### दिग्विजय सिंह ने कहा आगे भी जारी रहेगी लड़ाई

हालांकि दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे अब तक ईवीएम के खिलाफ लड़ते आये हैं, आगे भी लड़ते रहेंगे। जब तक हिम्मत है वे इसके खिलाफ हमेशा लड़ते रहेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा है कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। भाजपा 400 पार का दम भरती थी, लेकिन 300 भी पार नहीं हो पाई। इतना जरूर है कि नरेन्द्र मोदी पीएम नहीं रहेंगे। अयोध्या सीट को लेकर उन्होंने कहा कि अयोध्या की सीट भी भाजपा हार गई। यह शुभ संकेत है। इन्होंने हिंदू-मुसलमान किया, इसलिए लोगों ने इन्हें पसंद नहीं किया। इस लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह के साथ एमपी कांग्रेस के सभी दिग्गजों को बुरी हार का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से पहले दिग्विजय सिंह ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें राजगढ़ लोकसभा से प्रत्याशी बना दिया। प्रत्याशी बनने के बाद दिग्विजय सिंह ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान जनता से एक भावुक अपील की थी।

# परिणामों से हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं– अजय सिंह

भोपाल,(निप्र)। मप्र के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजयसिंह ने प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं को कहा है कि मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर निराश होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। सभी प्रत्याशियों और कार्यकताओं ने अपनी क्षमता के अनुरूप अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी भरपूर मेहनत की है। फिर परिणाम चाहे जो भी हो। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह इसका उदाहरण हैं जो लगातार अपने क्षेत्र में पैदल घूम-घूम कर मतदाताओं से आग्रह करते रहे।

हमें चुनाव परिणामों को एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिये। भले ही प्रदेश में अनुकूल परिणाम न आये हों, लेकिन राहुल गांधी और उनकी टीम की कड़ी मेहनत से कांग्रेस का उद्देश्य तो पूरा हुआ है और संविधान की रक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ऐसा संविधान जिसकी शुरूआत ही चार शब्दों यानि ॅहम भारत के लोगॅ से हुई है। मतलब भारत के सभी लोग जिसमें सभी जातियों और धर्मों के किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी और तमाम हुनरमंद शामिल हैं। राहुल गांधी की चुनावी रणनीति संविधान के इन्हीं चार शब्दों के इर्द गिर्द रही। भारत जोड़ो यात्रा इसका एक व्यापक रूप है। उन्होंने निडर होकर एक ऐसे व्यक्ति और सत्ता से मोर्चा लिया जिसे चुनौती देना बहुत कठिन काम था। एक ऐसी सत्ता जिसके साथ अपार धनबल और सरकारी एजेसियां थी। चुनाव परिणाम के बाद आज देश की जनता ने राहत की सांस ली है। राहुल गांधी की ओर यह देश आशा भरी निगाहों से देख रहा है।

### उत्तर और मध्य में कांग्रेस रही आगे

भोपाल,(निप्र)। भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा ने पांच लाख से ज्यादा वोटों से विजय हासिल की, लेकिन दो विधानसभा क्षेत्रों को फतेह नहीं कर पाए। उन विधानसभा सीटों में एक उत्तर विधानसभा सीट भी शामिल है। जहां से शर्मा 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस से हार गए थे।

### कुएं से मिला महिला का शव

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के बैरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम मेगरा में 4 जून को एक महिला लक्ष्मी बाई का शव कुएं में पड़ा मिला था। वह 1 जून दोपहर 1 बजे से घर से लापता थी। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में हुआ है कि महिला की हत्या कर शव कुएं में फेंका गया। गुमशुदगी रिपोर्ट 4 जून को बैरसिया थाने में की गई थी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोपीशाह पति प्रशांत शाह निवासी 187/1 दलियावाड़ा राजपुरा बुरहानपुर जिला बुरहानपुर ने अपना नाम परिवर्तन कर **गोपीबेन शाह** पति प्रशांत शाह कर दिया है । अतः आज से मैं अपने नये नाम **गोपीबेन शाह** पति प्रशांत शाह से जानी व पहचानी जाऊंगी।

**गोपीबेन शाह पति प्रशांत शाह**
**बुरहानपुर (म.प्र.)**

**सोनू श्रीवास / सेन से सावधान रहने की जाहिर सूचना**

मेरा पुत्र सोनू श्रीवास / सेन आयु 39 साल जो बी.ए. बी.एड. व कम्पयूटर कोर्स की शिक्षा प्राप्त है, जो चाल-चलन से ठीक नहीं होकर उसके द्वारा मेरे व परिवारजन व परिचितों के साथ अपमानजनक दुर्व्यवहार कर प्रताडित करने के कारण मैंने उससे पारिवारिक आपसी सम्बन्ध समाप्त कर उसको सन् 2008 घर परिवार से बाहर निकाल कर उसके बाबद जाहिर सूचना मार्च 2009 के पत्रिका समाचार पत्र में प्रकाशित करवा दी थी। जिसके बाद उससे मेरी आखरी बार मुलाकात सन् 2011 के जुलाई/अगस्त में होन के बाद फिर कभी भी अभी तक कोई मुलाकात नहीं हुई है । सन् 2024 में मोटर दुर्घटना से मैं गम्भीर घायल हो गया था, जिसकी चोंटों के फोटोग्राफ्स वाले मैसेज मोबाईल व्हाटसएप्प मीडिया के माध्यम से मेरे परिवारजनों के मध्य आये गये थे, मेरे पुत्र सोनू श्रीवास / सेन ने कहीं से चुराकर डाउनलोड करके मेरे से अनजाने लोगों को फर्जी नकली सन्देश के साथ भेज दिये कि मुझे ईलाज के लिए उधार रूपयों की जरूरत है, जिसे सोनू श्रीवास / सेन को रुपए उपलब्ध करा देंवे, जिसे मैं बाद में वापस कर दूंगा। मेरे पुत्र द्वारा भेजे गये फर्जी मैसेज को सही / सच समझ करके मेरे पुत्र को रुपए प्रदान करने वाले कुछ लोग पिछले सप्ताह मेरे से वापस मांगने आये, तब मुझे मेरे पुत्र के द्वारा लोगों को उक्त प्रकार से ठगने की जानकारी हुई इसलिए हर आम व खास सर्वसाधारण को सावधान करता हूं कि मेरा पुत्र होने के सम्बन्धों के आधार पर मेरे पुत्र सोनू श्रीवास / सेन द्वारा बनाई जाने वाली बातों में फँस कर कोई भी लेन देन इत्यादि का व्यवहार नहीं करें और यदि फिर भी व्यवहार किया जाता है तो उसके परिणामों की भरपाई के लिए मैं या मेरा परिवारजन जवाबदार जिम्मेदार नहीं रहेंगे और उस हालत में मेरा पुत्र खुद व उसके साथ लेन देन का व्यवहार करने वाले पक्षकार स्वयं ही जवाबदार / जिम्मेदार रहेंगे ।

**प्रेषक लालाराम श्रीवास पिता रामसेवक आयु 70 साल**
**धंधा पुलिस विभाग से सेवानिवृत हेड कांस्टेबल**
**पता– नन्दबागरोड, स्थित जयराजनगर की गली**
**न. 02, मकान न. 29, इन्दौर मध्यप्रदेश**

**Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
**CIN: L24219MP1982PLC004937**
Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.) Phone: 0731-4753666
E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

**Notice of the Extra Ordinary General Meeting and E-voting Information**

**Notice is hereby given that:**

1. The Extra Ordinary General Meeting (EGM) of the Members of the Company will be held through Video Conferencing ('VC') Facility / Other Audio Visual Means ('OAVM') on **Thursday, 27th June, 2024 at 1:00 p.m.** to transact the Special Business as set out in the Notice of the EGM.
   The Company has sent the Notice of EGM along with Explanatory Statements on Wednesday, 5th day of June, 2024 through electronic mode to members whose e-mail addresses registered with the Company / Depositories in accordance with the General Circulars issued by Ministry of Corporate Affairs dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020, December 28, 2022 and subsequent Circulars issued in this regard, 23rd September, 2023 the latest being (collectively referred to as 'MCA Circulars'). And SEBI vide its Circulars dated May 12, 2020, January 15, 2021, May 13, 2022 and January 5, 2023.
2. In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Members, whose name appears at the close of business hours on Thursday, 20th day of June, 2024 (cut-off date) may cast their vote electronically on the Special Business as set out in the Notice of the EGM though remote e-voting System of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). All the members are informed that:
   i. The remote e-voting shall commence on Monday, 24th June, 2024 at 09.00 A.M. IST and ends on Wednesday, 26th June, 2024 at 05.00 P.M IST during this period shareholders of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form as on the cut-off date may cast their vote electronically.
   ii. E-voting shall not be allowed beyond 5:00 pm on Wednesday, 26th June, 2024;
   iii. Those members who shall be present at the meeting through VC / OAVM and had not cast their votes on the resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from do in so, shall be eligible to vote through remote e-voting system during the EGM.
   iv. Once the vote on the resolution is exercised by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently.
   v. For the process and manner of e-voting, Members may go through the instructions in the Notice of the EGM and in case of any queries, Members may refer the Frequently Asked Questions (FAQ's) and remote e-voting user manual available at the 'downloads' section of website: **www.cdslindia.com** or contact CDSL by email at: **helpdesk.evoting@cdslindia.com** Members may also write to the Company Secretary at the e-mail id: **secretarial@kcfl.in** or at Registered Office Address.
3. Any person who acquires shares and become Members of the Company after the sending Notice of the EGM through electronic mode but before the cut-off date of Thursday, 20th June, 2024 and whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories, can view the Notice of the EGM on the Company's website or on CDSL's website and can obtain their user id and password for the e-voting by sending a request at CDSL's email id: **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or Company's email id: **secretarial@kcfl.in** However, if a person is already registered with NSDL for remote e-voting then existing user id and password can be used for casting vote.

By order of the board
For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
**Sejal Maheshwari**
(Company Secretary & Compliance Officer)

**Place : Indore**
**Date : 05.06.2024**

# आष्टा में नमामि गंगे अभियान प्रारंभ



आष्टा,(निप्र)। हम सभी ने हाल ही में भीषण गर्मी का सामना किया है। अगर हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध आक्सीजन उपलब्ध कराना है तो हमें पौधारोपण कर उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब आमजन भी स्वप्रेरणा से पौधारोपण कर उसकी देखभाल अपने बच्चों के समान करें। भीषण गर्मी से बचने हेतु पौधारोपण अवश्य करें ।

उक्त बातें तहसील कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस एवं नमामि गंगे अभियान के शुभ अवसर पर एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने कहीं।

श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने कहा कि अपने जिले के साथ ही आष्टा में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नमामि गंगे अभियान के तहत विभिन्न पर्यावरण एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण अभियान, जल सम्मेलन आयोजन, जल संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने के अभियान और जल स्त्रोतों को उपयोगी बनाने के कार्य किए जाएंगे। श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा एवं तहसीलदार पंकज पवैया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह के निदेर्शानुसार आष्टा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के स्वच्छता का अभियान संचालित कर जहां आवश्यकता है गहरीकरण के कार्य कराएं जाएंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अमृत योजना के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेगा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक स्थानों पर पारम्परिक जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं के अतिक्रमण हटाए जाएंगे।इस संबंध में अधिनस्थों को आदेशित किया गया है।कुएं और बावड़ियों को स्वच्छ बनाने के कार्य किए जाएंगे। भूमिगत जल के उपयोग के लिए भी अभियान संचालित करने के साथ ही अनेक गतिविधियॉ आयोजित की जाएंगी। एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर वृक्ष बनाने की अपील की। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक आर एस कतरोलिया, पटवारी वीरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर परिषद मून्दी जिला पूर्व निमाड़ खण्डवा मप्र**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद मूंदी जिला खण्डवा में भवन/भूमियों का मप्र नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत हक अंतरण किये जाने हेतु आवेदकों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है। जो नीचे तालिका अनुसार है।

| क्र. | हक अंतरण कराने वाले आवेदक का नाम | निकाय रिकार्ड में दर्ज भवन/ भूमि स्वामि का नाम | भवन/भूमि की स्थिति का पता | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मंजू बाई पति दिनेश जी सूर्यवंशी | श्री राजेश पिता जगदीश जी बिरला | भूमि वार्ड क्रमांक 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 2 | श्री नईमुद्दीन पिता निजामुद्दीन जी खत्री | श्री गोविन्द पिता रामाजी पटेल | भूमि वार्ड क्रमांक 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 3 | श्रीमती किरण पति सतीश जी शुक्ला | श्री गोविन्द पिता रामाजी पटेल | भूमि वार्ड क्रमांक 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 4 | श्री मुकेश पिता दगडूजी यादव | मो.अखलाक पिता अब्दुल रजाक | भूमि वार्ड क्रमांक 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 5 | श्री दिनेश कुमार पिता मदनलाल जी चंद्रवंशी | श्री दामोदर पिता सखाराम जी अटवाडे | भूमि वार्ड क्रमांक 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 6 | श्रीमती सुनिता पति देवेन्द्र जी यादव | श्री अजय नीमा पिता प्रहलाददास जी नीमा एवं अन्य 02 | भूमि वार्ड क्रमांक 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 7 | श्रीमती शीलाबाई पति कैलाशसिंह जी तोमर एवं अन्य 02 | श्री कैलाशसिंह पिता प्रहलाद सिंह जी तोमर | भूमि वार्ड क्रमांक 05 | वारसान, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 8 | श्री सुभाषचंद्र पिता रामचंद्र जी लाड एवं अन्य 05 | श्री रामचंद्र पिता पुनासा जी लाड | भूमि वार्ड क्रमांक 09 | वारसान, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 9 | श्रीमती नंदनी बाई पति शिवनारायण जी गुहा एवं अन्य 02 | श्री शिवनारायण पिता रामचरण जी गुहा | भूमि वार्ड क्रमांक 09 | वारसान, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 10 | श्री नवल सिंह पिता बाबूलाल जी पटेल एवं अन्य | श्री बाबूलाल पिता गोपालजी पटेल | भूमि वार्ड क्रमांक 15 | वारसान, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |

अतः उक्त प्राप्त आवेदनों में हक अंतरण किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति इस्तिहार जारी दिनांक से 07 दिवस में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मूंदी , खंडवा**

